**Patrika (Indore), 2nd January 2020, Patrika Plus, Page-14**

# आइआइटी इंदौर के कार्यकारी डायरेक्टर होंगे निलेश जैन

## पहले डायरेक्टर प्रदीप माथुर का दूसरा कार्यकाल 31 दिसंबर को पूर्ण हुआ

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

इंदौर. आइआइटी इंदौर के डायरेक्टर प्रदीप माथुर का 10 साल का कार्यकाल 31 दिसंबर को समाप्त हो गया। उनकी जगह निलेश कुमार जैन को कार्यकारी डायरेक्टर बनाया गया है। जैन स्थायी डायरेक्टर की नियुक्ति तक पद पर बने रहेंगे। माथुर का पहला कार्यकाल 31 दिसंबर 2014 तक था। पहला टर्म खत्म होने के बाद उन्हें 5 साल का दूसरा टर्म मिला। आइआइटी चेयरमैन प्रो. दीपक बी पाठक ने बताया, अभी परमानेंट डायरेक्टर की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। जब तक नियुक्ति नहीं हो जाती है तब तक के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने निलेश कुमार जैन को कार्यकारी डायरेक्टर बनाया है। उनके पास वह सारे अधिकार होंगे जो एक परमानेंट डायरेक्टर के पास होते हैं। उन्होंने कहा, आइआइटी इंदौर में शीघ्र ही नए बदलाव दिखाई देंगे। वहीं निलेश कुमार जैन ने किसी भी मामले में बयान देने से इनकार कर दिया।